सैम्पल पेपर

# आर्मी ऑर्डिनेन्स कॉर्प्स (AOC)

# ट्रेड्समैन मेट, फायरमैन एवं मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS)

## भर्ती परीक्षा

## सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति



1. चार मित्र कैरम खेल रहे हैं और वे कैरम बोर्ड के चारों ओर बैठे हुए हैं। B, C के दायीं ओर है। D, A के बायीं ओर है। C के बायीं ओर कौन है?
   A. A   B. D
   C. B   D. आंकड़े अपर्याप्त हैं



2. दिए गए चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, जबकि एक भिन्न है। उस भिन्न अक्षर-समूह का चयन करें।
   A. BYHE   B. UFAL
   C. DWJC   D. HSNZ

3. दो टीमें, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन सदस्य हैं, एक वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। पहली टीम के तीनों सदस्य दूसरी टीम के तीनों सदस्यों के सामने मुँह करके बैठे हुए हैं। K और L का मुँह आमने-सामने है। N और O अलग-अलग टीमों में हैं। M का मुँह N के सामने है। P एक कोने पर है। N, L के ठीक बगल में दायीं ओर बैठा है। निम्न में से कौन-से सदस्य एक ही टीम में हैं।
   A. L, N और P   B. O, K और N
   C. N, L और M   D. K, M और P


4. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें दी गई आकृति (X) अंतर्निहित है (घूर्णन (रोटेशन) की अनुमति नहीं है)।




(X)



A.    B. 

C.    D. 

5. उस आकृति का चयन करें, जो निम्न आकृति शृंखला में प्रश्नबाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




A.    B. 

C.    D. 

6. जब दर्पण नीचे दिखाई स्थिति के अनुसार 'PQ' में रखा गया हो तो उसके अनुसार दिए गए संयोजन की सही दर्पण छवि का चयन करें




A.    B. 


C.    D. 



Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

7. एक ही पासे की दो भिन्न स्थितियों को नीचे दर्शाया गया है, जिनके छह में से हर फलक पर 1 से 6 तक संख्याएं लिखी हुई हैं। '5' अंकित फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या होगी?




A. 6 B. 3
C. 1 D. 4

8. दिए गए पैटर्न को ध्यान से पढ़ें और उस संख्या का चयन करें, जो इसमें प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 16 | 60 |
| 11 | 17 | ? |
| 15 | 18 | 99 |

A. 78 B. 89
C. 144 D. 168

9. रतन उत्तर की ओर 15 मी. चलता है और फिर दाएं मुड़कर 23 मी. चलता है, फिर वह बाएं मुड़कर 16 मी. चलता है। उसके बाद, वह बाएं मुड़कर 11 मी. चलता है। फिर, उसके बाद वह दाएं मुड़ता है और 17 मी. चलता है। फिर वह बाएं मुड़कर 12 मी. चलता है। अंततः, वह दाएं मुड़ता है और 19 मी. चलता है। आरंभिक बिंदु के संदर्भ में, अब वह किस दिशा में और कितनी दूर है?

A. उत्तर, 52 मी. B. उत्तर, 48 मी.
C. उत्तर, 67 मी. D. उत्तर, 51 मी.

10. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह, पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।

SLOW : MPTX :: CAUGHT : ?

A. BDIUVH B. WVHIUV
C. DBVHIU D. BDHIUV

11. दो कथन और उसके बाद I और II दो निष्कर्ष दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिए गए कथन सही हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्धारित करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से इन कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन : कोई पौधा पेड़ नहीं है।
सभी आभूषण पौधे हैं।

निष्कर्ष :

I. कोई आभूषण पेड़ नहीं है।
II. कुछ पौधे आभूषण हैं।


A. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
B. दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
C. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
D. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।


12. उस विकल्प का चयन करें, जो दिए गए शब्दों के उस क्रम को दर्शाता है, जिस क्रम में ये अंग्रेजी शब्दकोष में आते हैं।


1. Flexible 2. Flower
3. Flooring 4. Flood
5. Floater


A. 1, 5, 4, 3, 2 B. 2, 5, 4, 3, 1
C. 1, 5, 3, 4, 2 D. 3, 5, 4, 2, 1


13. उस आकृति का चयन करें, जो निम्न आकृति शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




A. 

B. 

C. 

D. 

14. किसी कूट भाषा में 'DENT' को '51' और 'LOAD' को '40' के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'COST' को किस रूप में लिखा जाएगा?

A. 62 B. 57
C. 75 D. 65

15. दिए गए पैटर्न को ध्यान से पढ़ें और उस संख्या का चयन करें, जो इसमें प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

Www.Allexampyqs.com Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 28 | 58 | 118 |
| 21 | 44 | 90 |
| 47 | 96 | ? |

A. 176　　B. 150
C. 194　　D. 188

16. विकल्पों में दिए गये वर्गों के किस समूह के बीच संबंधों को निम्न वेन आरेख सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है?



A. अभियंता, भाई, पुरुष
B. बहनें, महिलाएं, माताएं
C. पुरुष, पिता, पुत्र
D. पिता, पुरुष, डॉक्टर

17. 'A % B' का अर्थ है कि 'A, B की माँ है'।
'A $ B' का अर्थ है कि 'A, B के पिता हैं'।
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।
'A & B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि J $ H # R % N & T # U % P, तो निम्न से कौन-सा कथन गलत है?
A. J, N के नाना हैं।　　B. R, P की नानी हैं।
C. N, P की बहन है।　　D. R, U की माँ है।

18. किसी कूट भाषा में 'TORCH' को 'UNPSDI' और 'BEST' को 'CDFTU' के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'MARKS' को किस रूप में लिखा जाएगा?
A. NABSLU　　B. NZBSLT
C. OZBSMT　　D. NZCSLT

19. एक दिन एक बस में 90 विद्यार्थी यात्रा कर रहे थे, जिसमें लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 2 : 1 था। अगले दिन विद्यार्थियों की संख्या पूर्ववत थी, लेकिन लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 3 : 2 हो गया। दोनों दिन बस में यात्रा करने वाले लड़कों की संख्या में कितना अंतर था?
A. 30　　B. 18
C. 6　　D. 14

20. उस संख्या-युग्म का चयन करें, जिसकी दोनों संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए संख्या-युग्म की दोनों संख्याओं के बीच है।
16 : 224
A. 20 : 400　　B. 17 : 289
C. 25 : 650　　D. 22 : 440


21. किसी कूट भाषा में 'PLACARD' को 'TPEYEVH' के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'MONSTER' को किस रूप में लिखा जाएगा?
A. QSROXIV　　B. PSSOXJV
C. QSRRXIV　　D. RTSOXIV

22. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह, पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।
ABSORPTION : ROSBANOITP : : VISUALIZER?
A. AUSIVREILZ　　B. VUAISREZIL
C. AUSIVREZIL　　D. UASIVERZIL

23. गणितीय चिह्नों के उस सही संयोजन का चयन करें, जिसे निम्न समीकरण को संतुलित करने के लिए, इसमें बाएं से दाएं * के स्थान पर क्रमिक रूप से रखा जा सके।
31 * 2 * 60 * 30 * 15 * 49
A. ×, +, ÷, −, =　　B. ×, ÷, +, −, =
C. ×, −, +, ÷, =　　D. −, ÷, +, ×, =

24. रोनिता का इकलौता भाई विक्रम कृतिका की माँ सेजल का पति है। रोनिता की माँ चांदनी का कृतिका से क्या संबंध है?
A. चाची　　B. दादी
C. नानी　　D. सास

25. दी गई शीट को मोड़कर एक घन बनाया जाता है। इस निर्मित घन में, कौन-से चिह्न-युग्म एक-दूसरे के विपरीत फलकों पर नहीं होंगे?




A. $ और %　　B. & और $
C. @ और %　　D. # और >

Www.Allexampyqs.com　Scanned with OKEN Scanner

**26.** निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

112, ?, 83, 70, 58, 47, 37


A. 97 B. 100
C. 104 D. 94


**27.** निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?


17, 51, 58, 116, 123, 123, ?


A. 120 B. 130
C. 140 D. 150


**28.** एक कागज को नीचे दिखाए गए तरीके के अनुसार मोड़ा और काटा गया है। यह कागज खोलने पर कैसा दिखेगा?



A. 

B. 

C. 


D. 

**29.** उस विकल्प का चयन करें, जो निम्न शब्दों के तार्किक एवं अर्थपूर्ण क्रम विन्यास को दर्शाता है।

1. परीक्षण
2. आवेदन
3. साक्षात्कार
4. जॉब ऑफर (नौकरी प्रस्ताव)
5. नियुक्ति

A. 2, 4, 1, 5, 3 B. 2, 1, 3, 4, 5
C. 3, 1, 5, 4, 2 D. 1, 3, 2, 4, 5

**30.** निम्न वेन आरेख में, 'वृत्त' 'पत्रकारों' का प्रतिनिधित्व करता है, 'त्रिभुज' 'महिलाओं' का प्रतिनिधित्व करता है और 'आयत' 'शहरी निवासियों' का प्रतिनिधित्व करता है। दी गई संख्याएं उस विशेष वर्ग के व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती है। कितनी पत्रकार, महिलाएं तो हैं, लेकिन शहरी निवासी नहीं हैं?




A. 13 B. 25
C. 9 D. 18

**31.** उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो दी गई अक्षर-समूह की श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

XMT, ENA, LOH, SPO, ?


A. ZQZ B. YQU
C. YPC D. ZQV

**32.** उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो दी गई अक्षर-समूह की श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा


HBS, GDP, FFM, ?, DJG


A. EHJ B. EHG
C. DHJ D. EGI


**33.** उस विकल्प आकृति का चयन करें, जो नीचे दी गई आकृति (X) में अंतर्निहित नहीं है (घूर्णन (रोटेशन) की अनुमति नहीं है)।




**(X)**

A. 

B. 

C. 


D. 


**34.** यदि 'A', 'जोड़' को दर्शाता है, 'B', 'गुणा' को दर्शाता है, 'C', 'घटाना' को दर्शाता है और 'D', 'भाग' को दर्शाता है, तो निम्न व्यंजक का मान ज्ञात करें :


35 B 2 A 5 B (40 C 37) A (8 B 4) D 16 C 14 = ?


A. 54 B. 66
C. 73 D. 56


**35.** उस आकृति का चयन करें, जो निम्न आकृति शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




A. 

B. 

C. 

D. 

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

**36.** दिए गए चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, जबकि एक भिन्न है। उस भिन्न अक्षर-समूह का चयन करें।

A. OMSVY  B. CFILO
C. ORUXA  D. UXADG

**37.** पांच मित्र P, Q, R, S और T एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुँह करके बैठे हुए हैं। S, P के ठीक बगल में दायीं ओर है। T, Q के ठीक बगल में बायीं ओर है। P, S और R के बीच में है। T के बायीं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. Q  B. P
C. R  D. S

**38.** किसी कूट भाषा में '265' को 'PNH', '187' को 'OXB' और '248' को 'NUB' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में '4' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. N  B. B
C. P  D. U

**39.** किसी कूट भाषा में 'you are there' को 'ter der jer', 'we stay here' को 'yer mer ner' और 'we are late' को 'ser ner der' और 'I stay there' को 'yer fer jer' लिखा जाता है, तो उसी कूट में 'you stay late' को क्या लिखा जाएगा?

A. ter mer ser  B. ter yer mer
C. der yer ser  D. ter yer ser

**40.** दो कथन और उनके बाद I, II और III निष्कर्ष दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिए गए कथन सही हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्धारित करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से इन कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन :** यह फोटोग्राफ समाचार-पत्र हैं।
कुछ फोटोग्राफ कंप्यूटर हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ कंप्यूटर फोटोग्राफ हैं।
II. कुछ कंप्यूटर समाचार-पत्र हैं।
II. कुछ समाचार-पत्र फोटोग्राफ हैं।

A. सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
B. केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
C. केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।
D. केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।

**41.** यदि 18 अक्टूबर, 2006 को बुधवार था, तो 17 अक्टूबर, 2000 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?


A. रविवार  B. सोमवार
C. बुधवार  D. मंगलवार



**42.** दिए गए पैटर्न को ध्यान से पढ़ें और उस संख्या का चयन करें, जो इसमें प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।



| | | |
|---|---|---|
| ? | 8 | 11 |
| 7 | 6 | 5 |
| 48 | 63 | 72 |

A. 6  B. 5
C. 4  D. 7

**43.** एक कागज को नीचे दिखाए गए तरीके के अनुसार मोड़ा और काटा गया। यह कागज खोलने पर कैसा दिखेगा?



A.   B. 

C.   D. 

**44.** संख्या A और संख्या B नामक दो संख्याएं हैं। संख्या A, इसके वर्ग और इसके घन का योग 399 है। संख्या B, इसके वर्ग और इसके घन का योग 819 है। संख्या A और संख्या B के योग से प्राप्त संख्या का वर्ग क्या होगा?

A. 324  B. 256
C. 225  D. 289

**45.** निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

A. 95  B. 107
C. 85  D. 99

**46.** दिए गए पैटर्न को ध्यान से पढ़ें और उस संख्या का चयन करें, जो इसमें प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 54 | 40 | 56 |
| 68 | 57 | 44 |
| 47 | 39 | ? |

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

A. 39  B. 32
C. 30  D. 22

**47.** उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो दी गई अक्षर-समूह की श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

AE, KQ, EI, LR, IQ, ?, OU, NT

A. NS  B. MR
C. MS  D. NR

**48.** निम्न समीकरण को संतुलित करने के लिए, इसके किन दो चिह्नों को आपस में बदलना होगा?

$25 - 5 \times 50 \div 10 + 35 = 155$

A. × और ÷  B. + और −
C. × और −  D. × और +

**49.** जब दर्पण नीचे दिखाई गई स्थिति के अनुसार 'PQ' में रखा गया हो तो उसके अनुसार दिए गए संयोजन की सही दर्पण छवि का चयन करें।




A.   B. 
C.   D. 

**50.** निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी।

2430, ? , 270, 90, 30, 10

A. 800  B. 810
C. 805  D. 540

## संख्यात्मक अभियोग्यता

**51.** एक बढ़ई एक कुर्सी ₹ 770 में बेचकर 10% का लाभ कमाता है। यदि वह कुर्सी को ₹ 707 में बेचे तो उसे कितने प्रतिशत लाभ या हानि होगी?

A. 1% हानि  B. 1% लाभ
C. 7% लाभ  D. 10% हानि

**52.** मोहन को एक घड़ी ₹ 765 में बेचने पर 10% की हानि होती है। वह घड़ी को कितने रुपये में बेचे ताकि उसे 10% का लाभ हो?

A. ₹ 935  B. ₹ 940
C. ₹ 965  D. ₹ 880

**53.** A किसी काम को 30 दिनों में करता है। B उसी काम को 45 दिनों में करता है। दोनों मिलकर उसी काम को कितने दिनों में करेंगे?

A. 12 दिन  B. 13 दिन
C. 15 दिन  D. 18 दिन

**54.** 12 लड़के किसी काम को 16 दिनों में पूरा करते हैं। उसी काम को 6 लड़के कितने दिनों में कर सकते हैं?

A. 16 दिन  B. 32 दिन
C. 23 दिन  D. 24 दिन

**55.** A और B एक साथ मिलकर किसी काम को 35 दिनों में पूरा करते हैं। अगर A अकेले उस काम को 60 दिन में पूरा करता है, तो B अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा करेगा?

A. 64 दिन  B. 72 दिन
C. 81 दिन  D. 84 दिन

**56.** 130 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी 45 किमी./ घंटे की चाल से चल रही है। एक पुल को पार करने में 30 सेकेण्ड का समय लगता है तो पुल की लम्बाई कितनी है?

A. 245 मीटर  B. 265 मीटर
C. 220 मीटर  D. 230 मीटर

**57.** एक रेलगाड़ी 60 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 20 सेकेण्ड में तथा प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 10 सेकेण्ड में पार कर जाती है। गाड़ी की गति किलोमीटर/घंटा है:

A. 22.8 किमी./घंटा  B. 18.6 किमी./घंटा
C. 17.6 किमी./घंटा  D. 21.6 किमी./घंटा

**58.** एक आयताकार मैदान का परिमाप 400 मीटर है। अगर आयताकार मैदान की लम्बाई 125 मीटर है तो उसकी चौड़ाई निकालें।

A. 15 मीटर  B. 25 मीटर
C. 75 मीटर  D. 55 मीटर

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

**59.** एक वर्ग की परिमिति 324 मीटर है। वर्ग का क्षेत्रफल है:

A. 6021 वर्ग मीटर  B. 6521 वर्ग मीटर
C. 6261 वर्ग मीटर  D. 6561 वर्ग मीटर

**60.** एक घन का पृष्ठ क्षेत्रफल 1014 वर्ग सेमी. है। इसका आयतन होगा:


A. 2197 घन सेमी.  B. 2297 घन सेमी.
C. 2179 घन सेमी.  D. 2117 घन सेमी.

**61.** नीचे दी गई तालिका में वर्ष 2013 से 2016 में एक शोरूम द्वारा बेचे गए एसी (AC) की संख्या को दर्शाया गया है। वर्ष 2014 में शोरूम B द्वारा बेचे गए एसी, वर्ष 2016 में शोरूम D द्वारा बेचे गए एसी से कितने प्रतिशत कम हैं?

| शोरूम | वर्ष | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 |
| A | 100 | 54 | 98 | 72 |
| B | 180 | 92 | 105 | 88 |
| C | 120 | 122 | 100 | 140 |
| D | 60 | 152 | 80 | 100 |

A. 8%  B. 10%
C. 12%  D. 14%

**62.** निम्नलिखित दंड आलेख में वर्ष 2018 से 2022 के दौरान एक देश में कम्प्यूटर और स्मार्टफोन की बिक्री (करोड़ में) को दर्शाया गया है। इन वर्षों के दौरान कम्प्यूटर की औसत बिक्री और स्मार्टफोन की औसत बिक्री के बीच कितना अंतर है?




A. 0.8 करोड़  B. 0.5 करोड़
C. 0.2 करोड़  D. 1 करोड़

**63.** एक घनाकार कमरे की भुजा 10 मीटर है। यदि एक बंडल रूई 5 घन मीटर जगह घेरता हो तो ऐसे कितने बंडल रूई के कमरे में रखे जा सकते हैं?

A. 100  B. 175
C. 200  D. 225

**64.** वह छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसको 24, 28 और 35 से भाग देने पर प्रत्येक में 3 शेष बचे।

A. 840  B. 843
C. 740  D. 743

**65.** वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 61, 145 और 89 को भाग देने पर प्रत्येक में 5 शेष बचे।

A. 28  B. 25
C. 24  D. 22

**66.** एक कमरा 7 मीटर लम्बा तथा 4 मीटर चौड़ा है। इस पर कालीन बिछाने का खर्च ज्ञात करें यदि कालीन बिछाने का प्रति वर्ग मीटर खर्च ₹ 21.50 है।

A. ₹ 580  B. ₹ 602
C. ₹ 620  D. ₹ 592

**67.** एक खेत को 96 आदमी 12 दिनों में जोत सकते हैं। यदि खेत को 8 दिनों में जोता जाना हो तो कितने आदमियों की आवश्यकता होगी?

A. 120 आदमी  B. 134 आदमी
C. 144 आदमी  D. 128 आदमी

**68.** एक व्यापारी ने 7 भेड़ें ₹ 450 प्रति भेड़ की दर से खरीदीं। फिर उसने 5 भेड़ें ₹ 520 प्रति भेड़ की दर से खरीदीं। उसने सभी भेड़ों को ₹ 500 प्रति भेड़ की दर से बेच दिया। उसको कितना लाभ या हानि हुई।

A. ₹ 250 हानि  B. ₹ 250 लाभ
C. ₹ 225 हानि  D. ₹ 225 लाभ

**69.** एक नाव 1450 किमी. की दूरी 28 घंटे में तय करती है। उसे 750 किमी. की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

A. 14.48 घंटे  B. 14.35 घंटे
C. 12.48 घंटे  D. 13.35 घंटे

Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

70. 450 पैकेट बिस्कुट का भार 15 किलो 750 ग्राम है तो एक पैकेट का भार ज्ञात कीजिए।

A. 25 ग्राम B. 28 ग्राम
C. 35 ग्राम D. 45 ग्राम

71. एक आदमी ₹ 408 खर्च करता है 24 दिनों में तो वह ₹ 238 कितने दिनों में खर्च करेगा?

A. 12 दिन B. 14 दिन
C. 16 दिन D. 15 दिन

72. एक तरणताल की गहराई चार अलग- अलग स्थानों पर क्रमशः 4.5 मी., 3.5 मी., 3.25 मी. तथा 2.75 मी. है। तरणताल की औसत गहराई ज्ञात करें।

A. 2.8 मीटर B. 2.5 मीटर
C. 3.8 मीटर D. 3.5 मीटर

73. एक त्रिभुज के कोण क्रमशः 4 : 6 : 8 के अनुपात में हैं। सबसे छोटे कोण का मान है:

A. 25° B. 35°
C. 40° D. 45°

74. 34° का पूरक कोण होता है:

A. 50° B. 56°
C. 146° D. 66°

75. एक समकोण का $\frac{4}{5}$ होता है:

A. 52° B. 60°
C. 80° D. 72°

## GENERAL ENGLISH

76. The correctly punctuated sentence is:

A. He asked me, "whether I had done my work".
B. He asked me, "whether I had done my work"?
C. He asked me whether I had done my work?
D. He asked me whether I had done my work.

77. Which of the following will be the correct indirect speech if the statement given below is changed into it?

*He said, "I shall leave these papers here."*

A. He said that he would leave those papers there.
B. He said that he should leave those papers there.
C. He said that he would leave these papers there.
D. He said that he would leave those papers here.

78. The correct passive form of the following sentence is:

*They asked me my name.*

A. My name was asked me by them.
B. I was asked my name.
C. Me was asked my name by them.
D. My name was asked from them.

79. The correct meaning of the word 'calamity' is:

A. disaster B. scourge
C. harm D. injury

80. 'Red Letter Day' means:

A. a dangerous day
B. a rosy day
C. an important day
D. a bloody day

81. The correct antonym of the word 'assets' is:

A. liabilities
B. estate
C. responsibilities
D. hindrances

82. The plural form of 'alumnus' is:

A. alumnuses
B. alumna
C. alumnae
D. alumni

83. 'Alma Mater' is the place where one:

A. studied
B. married
C. died
D. was born

Www.Allexampyqs.com Scanned with OKEN Scanner

**84.** Identify the part which contains an error in the following sentence.

*Ten miles are not a long distance.*

A. ten miles
B. are not
C. a long distance
D. no error

**85.** Choose the correct order to make the sentence below meaningful.

(1) History of India/(2) than/(3) was there a/(4) Mahatma Gandhi/(5) never in the/(6) greater man.

A. 124356
B. 634521
C. 513126
D. 513624

**86.** Fill in the blank with a suitable Phrase Preposition.

He accepted the car ................ his claim for ₹ 3,25,000.

A. on account of
B. by dint of
C. in lieu of
D. because of

**87.** The suitable prefix for the word "bitter" is:

A. im B. in
C. un D. em

**88.** Fill in the blank with a suitable Conjunction.

He is slow, ................ he is sure.

A. and B. for
C. but D. or

**89.** Complete the following maxim.

Genius without education is like silver in the .................. .

A. shop B. mine
C. Well D. pit

**90.** Select the word that is opposite in meaning to the underlined word.

My first lecture in the classroom was a fiasco.

A. success B. joy
C. fun D. disaster

**91.** The right suffix for the word 'just' to make it an abstract noun is:

A. - ly B. - ify
C. - ice D. - ing

**92.** Select the word that is similar in meaning to the underlined word.

The requisite energy is derived from the battery.

A. insignificant
B. necessary
C. different
D. special

**93.** Select the word that is similar in meaning to the underlined word.

His candid opinion has won him many friends.

A. kind
B. courteous
C. generous
D. frank

**94.** Select the word that is opposite in meaning to the underlined word.

Everyone agreed that it was a piece of meticulous research.

A. careless B. careful
C. cautious D. scrupulous

**95.** The word 'avert' means:

A. avoid
B. fall
C. hatred
D. degenerate

**96.** The adjective form of 'boast' is:

A. boastful B. boastly
C. boasty D. boastile

**Direction:** *Read the following passage and answer the questions that follow.*

Vehicles do not move about the roads for mysterious reasons of their own. They move only because people want them to move in connection with the activities which the people are engaged in. Traffic is therefore a 'function of activities', and because, in towns, activities mainly take place in buildings,

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

traffic in towns is a 'function of buildings'. The implications of this line of reasoning are inescapable.

97. Line 1 of the passage means that the vehicles move on the roads:
   A. for reasons difficult to explain.
   B. to serve specific purposes of people.
   C. in a haphazard fashion.
   D. in ways beyond our control.

98. The author says that traffic is a 'function of activities'. He means that:
   A. human activities are taking place.
   B. human activities are dependent on traffic.
   C. traffic is not dependent on human activities.
   D. traffic is connected with human activities.

99. The author suggests by his argument that:
   A. to regulate traffic, more policemen have to be employed.
   B. to regulate activities, traffic has to be controlled.
   C. to regulate traffic, buildings have to be taken into consideration.
   D. to understand the traffic problem, we must examine the social context in which it is found.

100. By 'this line of reasoning', the author means:
   A. idea contained in this line.
   B. idea contained in any one line of his argument.
   C. the manner of arguing.
   D. this row of printed characters.

## सामान्य सचेतता

101. निम्न में से कौन-सा पुरस्कार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है?
   A. कलिंग पुरस्कार  B. गोल्डन पेन पुरस्कार
   C. ज्ञानपीठ पुरस्कार  D. अर्जुन पुरस्कार

102. मानव हस्तक्षेप के कारण, प्रजातियों के विलुप्त होने का सबसे बड़ा उदाहरण है :
   A. कीवी  B. डोडो
   C. प्रवलस्की घोड़ा  D. बस्टाई

103. निम्न में से क्या सूर्य के प्रकाश को सीधे रूपायित करने में काम आता है?
   A. प्रकाश वोल्टीय सेल  B. सौर ऊष्मा सेल
   C. जैव गैस उत्पादन  D. A और B दोनों

104. IPv6 पतों का साइज है :
   A. 64 बिट्स  B. 128 बिट्स
   C. 256 बिट्स  D. 512 बिट्स

105. भारतीय संविधान मान्यता देता है :
   A. केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को
   B. केवल भाषिक अल्पसंख्यकों को
   C. धार्मिक और भाषिक अल्पसंख्यकों को
   D. धार्मिक, भाषिक और जातीय अल्पसंख्यकों को

106. किस मुगल शासक के शासनकाल में शासक प्रशासन द्वारा अधिकतम हिंदुओं को रोजगार दिया गया था?
   A. हुमायूँ  B. अकबर
   C. शाहजहाँ  D. औरंगजेब

107. अकबर द्वारा शुरू की गई 'मनसबदारी प्रथा' ली गई थी :
   A. अफगानिस्तान  B. तुर्किए
   C. मंगोलिया  D. पर्शिया

108. निम्न में से किसे दिल्ली के आठ सुलतानों की सल्तनत का साक्षी कहा जाता है?
   A. जियाउद्दीन बरनी  B. शम्स-ई-सिराज अफीफ
   C. मिन्हाज-उज-सिराज  D. अमीर खुसरो

109. गोपनीयता का अधिकार एक मौलिक अधिकार के रूप में अर्थ देता है :
   A. स्वतंत्रता का अधिकार
   B. जीवन और निजी स्वाधीनता का अधिकार
   C. समानता का अधिकार
   D. शोषण के विरुद्ध अधिकार

110. संसद के दो सत्रों के बीच का अंतराल इससे अधिक नहीं होना चाहिए?

Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

A. 3 माह B. 6 माह
C. 4 माह D. 100 दिन

**111.** भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?
A. भारत में मुद्रा स्फीति नियंत्रण सिर्फ भारत सरकार की जिम्मेदारी है।
B. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में कोई भूमिका नहीं है
C. घटता मुद्रा संचरण मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है
D. बढ़ता मुद्रा संचरण, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है

**112.** निम्न में से कौन 'औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' लाता है?
A. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
B. आर्थिक मामलों का विभाग
C. श्रमिक ब्यूरो
D. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

**113.** एक देश को ऋण के जाल में फंसा कहा जाता है यदि
A. वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा फंड द्वारा प्रभावी प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य है
B. वह बकाया ऋण का ब्याज चुकाने के लिए उधार लेगा
C. विदेशी लेनदारों द्वारा ऋण और मदद के लिए मना किया जा चुका है
D. विश्व बैंक नए और बकाया ऋणों पर बहुत ऊँची दरों पर ब्याज वसूलता है

**114.** 'करकुमा लोंगा' कौन से मसाले का वैज्ञानिक नाम है?
A. जीरा B. लौंग
C. हल्दी D. धनिया

**115.** अठारहवीं सदी में यूरोप के लोगों ने आलू की खेती भारत में शुरू की। सर्वप्रथम विश्व के किस क्षेत्र में आलू की खेती विकसित हुई?
A. पूर्वी घाना B. दक्षिण पेरु
C. पुर्तगाल D. वेस्ट इंडीज

**116.** सामान्यतः विश्व का सबसे सर्द मानव निवास क्षेत्र ओयमयाकोन किस देश में है?
A. मंगोलिया B. रूस
C. ग्रीनलैंड D. आइसलैंड

**117.** इनमें से कौन-सी ग्रंथि को मानव शरीर की ''तीसरी आँख'' कहा जाता है?
A. पिनियल B. पिट्यूटरी
C. मैमरी D. अश्रु ग्रंथि

**118.** ल्यूकेमिया कैंसरों का एक समूह है जो अस्थिमज्जा में उत्पन्न होता है और बहुत असामान्य संख्या में रक्त कणिकाओं का बनना शुरू करता है। यह रक्त कणिका कौन है?
A. श्वेत रक्त कणिका B. लाल रक्त कणिका
C. प्लेटलेट्स D. सभी

**119.** सार्वभौम गैस नियतांक R, इनमें से किसका गुण है?
A. आदर्श गैस B. हैलोजन गैस
C. निष्क्रिय गैस D. सभी गैस

**120.** पहली विज्ञान कांग्रेस जनवरी 1914 में कहाँ आयोजित हुई थी?
A. कोलकाता B. प्रयागराज
C. चेन्नई D. पुणे

**121.** योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
A. 1950 B. 1971
C. 2022 D. 2015

**122.** महान गणितज्ञ आर्यभट्ट उच्च शिक्षा के लिए इनमें से किस स्थान पर गए थे?
A. तक्षशिला B. पाटलिपुत्र
C. काशी D. कौशांबी

**123.** होमी जहांगीर भाभा, भारत के नाभिकीय प्रकल्प के पिता, इनमें से किस संस्थान के संस्थापक निदेशक भी थे?
A. टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान
B. भारतीय विज्ञान संस्थान
C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई
D. साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान

**124.** 'इसरो' के सैटलाइट लाँच व्हीकल (SLV) प्रकल्प का प्रारंभ 1970 में किसके नेतृत्व में हुआ?
A. डॉ. विक्रम साराभाई

Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

B. डॉ. के राधाकृष्णन
C. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
D. डॉ. जी. माधवन नायर

125. भारतीय गणितज्ञ व ज्योतिषी, भास्कर, जिन्हें भास्कराचार्य या भास्कर-II के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म कहाँ हुआ था?
A. कांचीपुरम B. तंजावूर
C. बीजापुर D. मदुरई

126. भारत की सबसे बड़ी खाड़ी है–
A. खम्भात B. मन्नार
C. कच्छ D. बंगाल की खाड़ी

127. मणिपुर राज्य की राजधानी कौन है?
A. शिलांग B. कोहिमा
C. इटानगर D. इम्फाल

128. भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?
A. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
B. इन्दिरा गांधी
C. महात्मा गांधी
D. डॉ. भीमराव अम्बेडकर

129. कार्लोस अल्कराज का सम्बन्ध किस खेल से है?
A. टेनिस B. फॉर्मूला वन रेस
C. बैडमिंटन D. टेबल टेनिस

130. भारत का दूध उत्पादन में विश्व में कौन-सा स्थान है?
A. द्वितीय B. तृतीय
C. प्रथम D. चतुर्थ

131. पं. रविशंकर कौन-सा वाद्ययंत्र बजाते थे?
A. सितार B. तबला
C. शहनाई D. सरोद

132. निम्न में से कौन भारत के किसी राज्य की राजधानी नहीं है?
A. लखनऊ B. जयपुर
C. जबलपुर D. रायपुर

133. 'कैटेरेक्ट' बीमारी शरीर के किस अंग से संबंधित है?
A. आँख B. फेफड़े
C. यकृत D. नाक

134. भारत का कौन-सा स्मारक दुनिया के सात अजूबों में शामिल है?
A. कुतुब मीनार B. ताजमहल
C. जन्तर-मन्तर D. हवामहल

135. दिल्ली शहर से कौन-सी नदी गुजरती है?
A. गंगा B. यमुना
C. व्यास D. सतलज

136. भारत में किस राज्य की साक्षरता दर सबसे ज्यादा है?
A. दिल्ली B. महाराष्ट्र
C. तमिलनाडु D. केरल

137. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में 'धर्म चक्र' का रंग कौन-सा है?
A. काला B. हरा
C. नीला D. लाल

138. गुरुदेव के नाम से कौन व्यक्ति प्रसिद्ध है?
A. गोलवलकर B. वीर सावरकर
C. रवीन्द्रनाथ टैगोर D. दादाभाई नौरोजी

139. सबसे बुद्धिमान जानवर कौन-सा माना जाता है?
A. घोड़ा B. जिराफ
C. लोमड़ी D. चिम्पैंजी (बन्दर)

140. आईसीसी टी-20 पुरुष विश्व कप-2024 का विजेता कौन है?
A. भारत B. पाकिस्तान
C. न्यूजीलैंड D. दक्षिण अफ्रीका

141. महात्मा बुद्ध को कहाँ ज्ञान प्राप्त हुआ था?
A. बोधगया B. वैशाली
C. सारनाथ D. लुम्बिनी

142. दादा साहेब फाल्के पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
A. समाज सेवा B. साहित्य
C. सिनेमा D. कृषि

143. भारतीय रक्षा सेनाओं का सुप्रीम कमांडर कौन है?
A. प्रधानमंत्री B. राष्ट्रपति
C. रक्षामंत्री D. कमांडर-इन-चीफ

144. सुप्रीम कोर्ट में कुल कितने न्यायाधीश हो सकते हैं?
A. 25 B. 34
C. 38 D. 40

Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

145. 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस कार्य के लिए दिया जाता है?
A. खेल
B. सामाजिक कार्य
C. साहित्य
D. संगीत

146. पंचतंत्र के लेखक कौन थे?
A. विष्णु शर्मा
B. रघुवंश
C. अश्वघोष
D. पतंजलि

147. 'मधुशाला' किसकी कृति है?
A. मैथिलीशरण गुप्त
B. रवीन्द्र नाथ टैगोर
C. हरिवंश राय बच्चन
D. जयशंकर प्रसाद


148. देश में निर्मित पहली परमाणु पनडुब्बी का क्या नाम है?
A. नाग
B. पृथ्वी
C. परम
D. अरिहंत

149. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन है?
A. रूस
B. चीन
C. कनाडा
D. भारत

150. भारत के किस राज्य से सबसे ज्यादा लोकसभा सदस्य चुने जाते हैं?
A. बिहार
B. महाराष्ट्र
C. उत्तर प्रदेश
D. तमिलनाडु


# उत्तरमाला

1. (A):





प्रश्नानुसार, 4 मित्र कैरम खेल रहे हैं।
अत: C के बायीं ओर A है।

2. (D):




यहाँ, (D) HSNZ भिन्न है।

3. (A): प्रश्नानुसार,




यहाँ, L, N और P सदस्य एक ही टीम में हैं।

4. (B)   5. (B)   6. (D)


7. (C)

8. (D):

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 16 | 60 |
| 11 | 17 | ? |
| 15 | 18 | 99 |

दिए गए पैटर्न में प्रत्येक पंक्ति से
$(14 + 16) \times 2 = 30 \times 2 = 60,$
$(15 + 18) \times 3 = 33 \times 3 = 99$
तथा $(11 + 17) \times 6 = 28 \times 6 = 168$
अत: $? = 168$

9. (C): यहाँ,
यहाँ, आरंभिक बिन्दु = A
BC = 23 मी.
और DE + FG = 23 मी.




Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

∴ BC = DE + FG = 23 मी.

और BG = CD + EF

= 16 + 17 = 33 मी.

आरंभिक विन्दु A से रतन की अब दूरी

= AH = AB + BG + GH

= AB + (CD + EF) + GH


= 15 + 16 + 17 + 19 = 67 मी.

अतः आरंभिक विंदु के संदर्भ में अब वह उत्तर दिशा में और 67 मी. दूर है।

**10.** (D)

**11.** (B): कथनः कोई पौधा पेड़ नहीं है।

सभी आभूषण पौधे हैं।




निष्कर्षः I. कोई आभूषण पेड़ नहीं है।

II. कुछ पौधे आभूषण हैं।

अतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

**12.** (A): अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार

Flexible → Floater → Flood → Flooring → Flower

**13.** (B)

**14.** (D): यहाँ, DENT = (4 + 5 + 14 + 20) + 8

= 43 + 8 = 51

और LOAD = (12 + 15 + 1 + 4) + 8

= 32 + 8 = 40

इसी प्रकार, COST = (3 + 15 + 19 + 20) + 8

= 57 + 8 = 65

**15.** (C):

| | | |
|---|---|---|
| 28 | 58 | 118 |
| 21 | 44 | 90 |
| 47 | 96 | ? |

यहाँ प्रत्येक पंक्ति में

$(28 \times 2) + 2 = 56 + 2 = 58$

और $116 + 2 = 118$

$(21 \times 2) + 2 = 42 + 2 = 44$


और $(44 \times 2) + 2 = 88 + 2 = 90$

$(47 \times 2) + 2 = 94 + 2 = 96$

और $(96 \times 2) + 2 = 192 + 2 = 194.$

**16.** (C)

**17.** (C): T $ H # R % N & T # U % P




(A) J, N के नाना है।


(B) R, P की नानी है।

(C) N, P की बहन नहीं है।


N, P की मासी है।

(D) R, U की माँ है।


**18.** (B):




और




इसी प्रकार,






Scanned with OKEN Scanner

**19.** **(C):** दिया है,

बस में विद्यार्थियों की संख्या = 90

लड़का : लड़की = 2 : 1

जिसमें लड़कों की संख्या = $90 \times \frac{2}{2+1}$

$= 90 \times \frac{2}{3} = 30 \times 2 = 60$

अगले दिन, अनुपात

लड़का : लड़की = 3 : 2

जिसमें लड़कों की संख्या = $90 \times \frac{3}{3+2}$

$= 90 \times \frac{3}{5} = 18 \times 3 = 54$

अत: दोनों दिन बस में यात्रा करने वाले लड़कों की संख्या में अंतर

$= 60 - 54 = 6.$

**20.** **(D):** 16 : 224

$\Rightarrow \quad 16 \times (16 - 2) = 16 \times 14 = 224$

(A) 20 : 400

$\Rightarrow 20 \times (20 - 2) = 20 \times 18 = 360$

(B) 17 : 289

$\Rightarrow 17 \times (17 - 2) = 17 \times 15 = 255$


(C) 25 : 650

$\Rightarrow 25 \times (25 - 2) = 25 \times 23 = 575$

(D) 22 : 440


$\Rightarrow 22 \times (22 - 2) = 22 \times 20 = 440$

**21.** **(A):** P L A C A R D    T P E Y E V H




इसी प्रकार,


M O N S T E R    Q S R O X I V




**22.** **(C):** ABSORPTION : ROSBANOITP



इसी प्रकार, VISUALIZER    AUSIVREZIL



**23.** **(A):** 31 * 2 * 60 * 30 * 15 * 49

विकल्पों को जाँचने पर

(A) $31 \times 2 + 60 \div 30 - 15 = 49$

$\Rightarrow 31 \times 2 + 2 - 15 = 49$

$\Rightarrow 62 + 2 - 15 = 49$

$\Rightarrow 64 - 15 = 49$

$\Rightarrow 49 = 49$ (सही)

(B) $31 \times 2 \div 60 + 30 - 15 = 49$

$\Rightarrow 31 \times \frac{1}{30} + 30 - 15 = 49$

$\Rightarrow \frac{31}{30} + 15 = 49$ (गलत)

(C) $31 \times 2 - 60 + 30 \div 15 = 49$

$\Rightarrow 31 \times 2 - 60 + 2 = 49$

$\Rightarrow 62 - 60 + 2 = 49$

$\Rightarrow 2 + 2 = 49$


$\Rightarrow 4 = 49$ (गलत)

(D) $31 - 2 \div 60 + 30 \times 15 = 49$

$\Rightarrow 31 - \frac{1}{30} + 30 \times 15 = 49$

$\Rightarrow 31 - \frac{1}{30} + 450 = 49$ (गलत)

**24.** **(B):** प्रश्नानुसार,




यहाँ, रोनिता की माँ चांदनी, कृतिका की दादी है।

**25.** **(A)**

Www.Allexampyqs.com


Scanned with OKEN Scanner

**26. (A):** 


यहाँ, 112 – 15 = 97

और 97 – 14 = 83

∴ ? = लुप्त संख्या = 97.

**27. (B):** 


यहाँ,
17 × 3 = 51
51 + 7 = 58
58 × 2 = 116
116 + 7 = 123
123 × 1 = 123
123 + 7 = 130


अत: ? = लुप्त संख्या = 130

**28. (D)**


**29. (B):** तार्किक एवं अर्थपूर्ण विन्यास

आवेदन → परीक्षण → साक्षात्कार → जॉब ऑफर → नियुक्ति

**30. (D)**

**31. (D):** 


यहाँ लुप्त अक्षर समूह = ? = ZQV.

**32. (A):** 


यहाँ लुप्त अक्षर समूह = EHJ

**33. (A)**

**34. (C):** दिया है, A = +, B = ×, C = –, D = ÷

35 B 2 A 5 B (40 C 37) A(8 B 4)D 16 C 14

= 35 × 2 + 5 × (40 – 37) + (8 × 4) ÷ 16 – 14


= 35 × 2 + 5 × 3 + 32 ÷ 16 – 14


= 35 × 2 + 15 + 2 – 14


= 70 + 15 + 2 – 14


= 85 – 12 = 73.


**35. (B)**

**36. (A):** (A) 


(B) 


(C) 


(D) 


**37. (B):** 


यहाँ, T के बायीं ओर दूसरे स्थान पर P बैठा है।

**38. (D):** कूट भाषा

2 6 5 1 8 7
↓ ↓ ↓, ↓ ↓ ↓
P N H O X B

और

2 4 8
↓ ↓ ↓
N U B

अत: कूट भाषा में 4 को U लिखा जाएगा।

**39. (D):**

**40. (A):** कथनः सभी फोटोग्राफ समाचार-पत्र है।
कुछ फोटोग्राफ कम्प्यूटर हैं।




Www.Allexampyqs.com
Scanned with OKEN Scanner

**निष्कर्ष:**

I. कुछ कम्प्यूटर फोटोग्राफ हैं।

II. कुछ कम्प्यूटर समाचार-पत्र हैं।

III. कुछ समाचार-पत्र फोटोग्राफ हैं।

**41. (D)**

**42. (B)** **43. (C)** **44. (B)**

**45. (D):** 82 ? 119 142 168 197

+17 +20 +23 +26 +29

यहाँ, $82 + 17 = 99$

$99 + 20 = 119$

$119 + 23 = 142$

$142 + 26 = 168$

$168 + 29 = 197$

अत: ? = लुप्त संख्या = 99.

**46. (B):**

| | | |
|---|---|---|
| 54 | 40 | 56 |
| 68 | 57 | 44 |
| 47 | 39 | ? |

यहाँ, प्रत्येक पंक्ति में

$(54 - 40) \times 4 = 14 \times 4 = 56$

$(68 - 57) \times 4 = 11 \times 4 = 44$

$(47 - 39) \times 4 = 8 \times 4 = 32$

अत: ? = पैटर्न में लुप्त संख्या = 32.

**47. (C):** AE KQ EI LR IO MS OU NT

(KQ → LR → MS → NT : +1)

यहाँ लुप्त अक्षर समूह = ? = MS

**48. (C)** **49. (C)**

**50. (B):** 2430 ? 270 90 30 10

÷3 ÷3 ÷3 ÷3 ÷3

यहाँ, $\frac{2430}{3} = 810$

$\frac{810}{3} = 270$

$\frac{270}{3} = 90$

$\frac{90}{3} = 30$

$\frac{30}{3} = 10$

अत: ? = लुप्त संख्या = 810.

**51. (B): पहली स्थिति में:**

विक्रय मूल्य = ₹ 770

लाभ = 10%

क्रय मूल्य = $770 \times \frac{100}{110}$ = ₹ 700

**दूसरी स्थिति में:**

क्रय मूल्य = ₹ 700

विक्रय मूल्य = ₹ 707

लाभ = 707 – 700 = ₹ 7

लाभ % = $\frac{7}{700} \times 100 = 1\%$.

**52. (A): पहली स्थिति में:**

विक्रय मूल्य = ₹ 765

हानि = 10%

क्रय मूल्य = $765 \times \frac{100}{90}$ = ₹ 850

**दूसरी स्थिति में:**

क्रय मूल्य = ₹ 850

लाभ = 10%

विक्रय मूल्य = $850 \times \frac{110}{100}$ = ₹ 935.

**53. (D):** A किसी काम को 30 दिनों में कर सकता है

A का एक दिन का काम = $\frac{1}{30}$ भाग

B उसी काम को 45 दिनों में करता है

B का एक दिन का काम = $\frac{1}{45}$ भाग

(A + B) का एक दिन का काम

$= \frac{1}{30} + \frac{1}{45} = \frac{3+2}{90} = \frac{5}{90} = \frac{1}{18}$

अत: A और B दोनों मिलकर इस काम को 18 दिनों में कर सकते हैं।

Www.Allexampyqs.com Scanned with OKEN Scanner

**54. (B):** 12 लड़के किसी काम को 16 दिनों में करते हैं
1 लड़का उसी काम को 16 × 12 दिनों में करेगा
6 लड़के उसी काम को $\frac{16\times12}{6}$ दिनों में करेंगे
= 32 दिनों में करेंगे।

**55. (D):** A और B दोनों मिलकर किसी काम को 35 दिनों में करते हैं

(A + B) का एक दिन का काम = $\frac{1}{35}$ भाग

A अकेले इस काम को 60 दिनों में करता है

A का एक दिन का काम = $\frac{1}{60}$ भाग

B का एक दिन का काम = $\frac{1}{35}-\frac{1}{60}$

$= \frac{12-7}{420} = \frac{5}{420} = \frac{1}{84}$

अतः B अकेले उस काम को 84 दिनों में करेगा।

**56. (A):** माना कि पुल की लम्बाई = $x$ मीटर
गाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = $(130 + x)$ मीटर
पुल को पार करने में लगा समय = 30 सेकेण्ड
∵ दूरी = चाल × समय

$\Rightarrow 130 + x = 45 \times \frac{5}{18} \times 30 = 375$ मीटर

$\Rightarrow \quad x = 375 - 130 = 245$

[1 किमी./घंटा = $\frac{5}{18}$ मी./से.]

∴ अतः पुल की लम्बाई = 245 मीटर।

**57. (D):** माना कि रेलगाड़ी की लम्बाई = $x$ मीटर

**पहली स्थिति में:**

रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी
= $(x + 60)$ मीटर

लिया गया समय = 20 सेकेण्ड

गाडी की चाल = $\left(\frac{x+60}{20}\right)$ मी./से. ...(i)

**दूसरी स्थिति में:**

रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = $(x)$ मीटर
लिया गया समय = 10 सेकेण्ड

गाड़ी की चाल = $\frac{x}{10}$ मी./से. ...(ii)

समीकरण (i) और (ii) से,

$\frac{x+60}{20} = \frac{x}{10}$

$\Rightarrow x + 60 = 2x \Rightarrow x = 60$

∴ गाड़ी की चाल = $\frac{60}{10}$ = 6 मी./से.

[1 मी./से. = $\frac{18}{5}$ किमी./घंटा]

= $6 \times \frac{18}{5}$ किमी./घंटा

= $\frac{108}{5}$ = 21.6 किमी./घंटा।

**58. (C):** आयताकार मैदान का परिमाप
= 2(ल. + चौ.)

⇒ 2(ल. + चौ.) = 400

⇒ ल. + चौ. = $\frac{400}{2}$ = 200

⇒ 125 + चौ. = 200

⇒ चौड़ाई = 200 − 125 = 75 मीटर

अतः आयताकार मैदान की चौड़ाई
= 75 मीटर।

**59. (D):** वर्ग की भुजा = $\frac{\text{परिमिति}}{4}$

= $\frac{324}{4}$ = 81 मीटर

वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा
= 81 × 81
= 6561 वर्ग मीटर।

**60. (A):** घन का पृष्ठ क्षेत्रफल = 6(भुजा)$^2$

⇒ 6(भुजा)$^2$ = 1014

⇒ (भुजा)$^2$ = $\frac{1014}{6}$ = 169

∴ भुजा = 13 सेमी.

घन का आयतन = (भुजा)$^3$
= 13 × 13 × 13 = 2197 घन सेमी।

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

**61. (A):** वर्ष 2014 में शोरूम B द्वारा बेचे गए एसी की संख्या = 92

वर्ष 2016 में शोरूम D द्वारा बेचे गए एसी की संख्या = 100

अन्तर = 100 – 92 = 8

अभीष्ट % में कमी = $\frac{8}{100}\times100=8\%$.

**62. (C):** कम्प्यूटर= 30 + 50 + 55 + 56 + 64 = 255

औसत = $\frac{255}{5}=51$

स्मार्टफोन = 20 + 36 + 60 + 68 + 70 = 254

औसत = $\frac{254}{4}=50.8$

अन्तर = 51 – 50.8 = 0.2 करोड़।

**63. (C):** घनाकार कमरे का आयतन = $(10)^3$ = 1000 घन मीटर

रूई के बंडलों की संख्या = $\frac{1000}{5}$ = 200.

**64. (B):** प्रश्न से स्पष्ट है कि वह अभीष्ट छोटी संख्या दी गई संख्याओं के लघुत्तम समापवर्तक से 3 ज्यादा होगी।

24, 28 तथा 35 का लघुत्तम समापवर्तक

| | |
|---|---|
| 2 | 24, 28, 35 |
| 2 | 12, 14, 35 |
| 7 | 6, 7, 35 |
| | 6, 1, 5 |

लघुत्तम समापवर्तक = 2 × 2 × 7 × 6 × 5 = 840

अतः अभीष्ट संख्या = 840 + 3 = 843.

**65. (A):** 61 – 5 = 56, 145 – 5 = 140,

89 – 5 = 84

अब 56, 140 तथा 84 का महत्तम समापवर्तक

56)140(2
112
28)56(2
56
×

28)84(3
84
×

महत्तम समापवर्तक = 28

अतः अभीष्ट बड़ी संख्या = 28

**66. (B):** कमरे का क्षेत्रफल = 7 × 4 = 28 वर्ग मी.

कालीन बिछाने का खर्च = 28 × 21.50 = ₹ 602

**67. (C):** 12 दिनों में जोतने के लिए 96 आदमी चाहिए

1 दिन में जोतने के लिए 96 × 12 आदमी चाहिए

8 दिनों में जोतने के लिए = $\frac{96\times12}{8}$

= 12 × 12 = 144 आदमी चाहिए

अतः 8 दिनों में जोतने के लिए 144 आदमियों की आवश्यकता होगी।

**68. (B):** प्रति भेड़ ₹ 450 की दर से 7 भेड़ों की कीमत

= 450 × 7 = ₹ 3150

प्रति भेड़ ₹ 520 की दर से 5 भेड़ों की कीमत

= 520 × 5 = ₹ 2600

कुल भेड़ों का क्रय मूल्य = 3150 + 2600 = ₹ 5750

प्रति भेड़ ₹ 500 की दर से 12 भेड़ों का विक्रय मूल्य

= 500 × 12 = ₹ 6000

लाभ = 6000 – 5750 = ₹ 250.

**69. (A):** एक नाव 1450 किमी. की दूरी 28 घंटे में तय करती है

एक नाव 1 किमी. की दूरी $\frac{28}{1450}$ घंटे में तय करेगी

एक नाव 750 किमी. की दूरी $\frac{28}{1450}\times750=\frac{420}{29}$

= 14.48 घंटे में तय करेगी।

**70. (C):** 450 पैकेट का भार = 15750 ग्राम

1 पैकेट का भार = $\frac{15750}{450}$ ग्राम

= 35 ग्राम।

**71. (B):** चूँकि आदमी ₹ 408 खर्च करता है 24 दिनों में

आदमी ₹ 1 खर्च करेगा $\frac{24}{408}$ दिनों में

आदमी ₹ 238 खर्च करेगा $\frac{24}{408}\times238$

$=\frac{1}{17}\times238$ = 14 दिन

अतः वह आदमी ₹ 238 खर्च करेगा 14 दिनों में।

Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner

**72. (D):** तरणताल की औसत गहराई

$= \frac{(4.5+3.5+3.25+2.75)}{4}$ मीटर

$= \frac{14}{4} = \frac{7}{2}$ मीटर = 3.5 मीटर।

**73. (C):** त्रिभुज के तीनों कोण $x$ के अनुपात में हैं।

अत: $4x + 6x + 8x = 180°$

$\Rightarrow \quad 18x = 180°$

$\Rightarrow \quad x = 10°$

अत: सबसे छोटा कोण का मान

$= 4 \times 10 = 40°$.

**74. (B):** 34° का पूरक कोण $= 90 - 34° = 56°$

**75. (D):** एक समकोण का $\frac{4}{5} = 90° \times \frac{4}{5}$

$= 18 \times 4 = 72°$.

| | | |
|---|---|---|
| **76.** (D) | **77.** (A) | **78.** (B) |
| **79.** (A) | **80.** (C) | **81.** (A) |
| **82.** (D) | **83.** (A) | **84.** (B) |
| **85.** (D) | **86.** (C) | **87.** (D) |
| **88.** (C) | **89.** (B) | **90.** (A) |
| **91.** (C) | **92.** (B) | **93.** (D) |
| **94.** (A) | **95.** (A) | **96.** (A) |
| **97.** (B) | **98.** (D) | **99.** (D) |
| **100.** (C) | **101.** (D) | **102.** (B) |
| **103.** (D) | **104.** (B) | **105.** (C) |
| **106.** (D) | **107.** (C) | **108.** (D) |
| **109.** (B) | **110.** (B) | **111.** (C) |
| **112.** (C) | **113.** (B) | **114.** (C) |
| **115.** (B) | **116.** (B) | **117.** (A) |
| **118.** (A) | **119.** (A) | **120.** (A) |
| **121.** (D) | **122.** (B) | **123.** (A) |
| **124.** (C) | **125.** (C) | **126.** (D) |
| **127.** (D) | **128.** (A) | **129.** (A) |
| **130.** (C) | **131.** (A) | **132.** (C) |
| **133.** (A) | **134.** (B) | **135.** (B) |
| **136.** (D) | **137.** (C) | **138.** (C) |
| **139.** (D) | **140.** (A) | **141.** (A) |
| **142.** (C) | **143.** (B) | **144.** (B) |
| **145.** (C) | **146.** (A) | **147.** (C) |
| **148.** (D) | **149.** (A) | **150.** (C) |



Www.Allexampyqs.com

Scanned with OKEN Scanner